पंजाब केसरी 09/04/2026

जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य : डॉ. रोहित दत्त



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एंटी रैगिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अश्वनीत ने जीती एंटी रैगिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

अम्बाला, 8 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को एंटी रैगिंग सैल एवं नैशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में एंटी रैगिंग और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता हमेशा विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना रही है।

ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में जागरूकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित होती है। उन्हें गर्व है कि उनके कॉलेज के विद्यार्थी रचनात्मक तरीके से अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 15 विद्यार्थियों ने रैगिंग के दुष्परिणामों और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाते हुए प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. अमिता ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जागरूकता और संवेदनशीलता के साथ अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में अश्वनीत ने प्रथम स्थान, पारस भोला ने द्वितीय स्थान तथा सोहम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मनजीत एवं डॉ. सरोज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रतिभागियों के स्लोगनों का मूल्यांकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है।